*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सूर्यजला गांव में महिला किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

पंतनगर। 27 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग में संचालित आईसीएआर वित्त पोषित 'फार्मर फर्स्ट परियोजना' के अंतर्गत भीमताल ब्लॉक के सूर्यजला गांव में 'वैज्ञानिक तरीके से मशरुम उत्पादन की तकनीक' विषय पर महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में गांव की 60 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षाण कर्यक्रम में मशरूम उत्पादन में केसिंग करना, रूम में नमी, तापमान तथा स्वच्छता बनाये रखना, मशरूम वेग बंद करना, उसमें पानी डालना तथा मशरूम की तुडाई करने जैसे विषयों पर वैज्ञानिक तरीके से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन तकनीक (पीआरए) के अंतर्गत गांव का मौसमी मानचित्रण भी किया गया। पीआरए से गांव में होने वाली मौसमी फसलों जैसे लोबिया, उड़द, बीन्स, अदरक, मिर्च, कद्दू, लौकी, बैंगन, कटहल, तेजपत्ता इत्यादि का मौसमी मानचित्रण कर इनमें होने वाली परेशानियों को भी समझा गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ बडोला मशरुम फार्म के श्री शुभम बडोला उपस्थित थे। साथ ही डा. किरन राना ने भी महिला किसानों से वार्तालाप की। कार्यक्रम में महिला किसानों के 11 समूहों में 210 मशरुम बैग के साथ अन्य उपकरण भी आंवटित किये गये।

